A

समग्र शिक्षा केरल
Samagra Shiksha Kerala

609

समग्र शिक्षा केरल

योगात्मक आकलन I 2025-26

हिंदी

कक्षा 6 | समय 2:15 घंटे

सामान्य निर्देश:

- ❖ पहला पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- ❖ कुल 6 गतिविधियाँ हैं। सभी के उत्तर लिखने हैं।
- ❖ दो गतिविधियों में विकल्प हैं।

गतिविधि 1

सूचना : 'रू रू' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

रू रू एक कंगारू का बच्चा था। कंगारू के बच्चों को जोइस कहते हैं। वैसे ही जैसे कुत्ते के बच्चे को पिल्ला और बिल्ली के बच्चे को बिलौटा कहते हैं। उसकी अम्मी उसे रू रू बुलाती थी क्योंकि वह हमेशा रोता रहता था।

क) रू रू कौन है?

अ) कंगारू का बच्चा　　आ) कुत्ते का बच्चा

इ) चिड़िया का बच्चा　　ई) बिल्ली का बच्चा

ख) रू रू हमेशा क्या करता रहता है?

अ) सोता रहता है　　आ) रोता रहता है

इ) खेलता रहता है　　ई) खाता रहता है

ग) सही मिलान करें।

अ	आ
कुत्ता	जोइस
कंगारू	बिलौटा
बिल्ली	चूज़ा
	पिल्ला

गतिविधि 2

सूचना : 'नीली चिड़िया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

इस डाली से उस डाली पर
उड़-उड़ जाने वाली चिड़िया।
लाख बुलाऊँ लेकिन मेरे
पास न आने वाली चिड़िया।

क) कविता में 'पक्षी' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया है ?

अ) चिड़िया आ) लाख इ) डाली ई) पास

ख) नमूने के अनुसार कविता में चार पंक्तियाँ जोड़ें।

फुदककर चलना | घर बनाना | गीत सुनाना | फर-फर उड़ना | पानी पीना

जैसे: फुदककर चलने वाली चिड़िया

....
....
....
....

अथवा

सूचना : 'बादल' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मोर मगन मन, छूम छनन छन
झूम झूमकर नाच दिखाए
खुश हो होकर गाना गाए
बरसे बादल, कलकल छलछल
तैर चली कागज़ की नैया
पूंछ उठाकर भागी गैया

क) झूम झूमकर कौन नाचता है?

अ) बादल आ) मोर इ) कागज़ ई) नैया

ख) नमूने के अनुसार एक जोड़ा चुनकर लिखें।

जैसे: नैया-गैया

....

ग) इस चित्र की आशय वाली पंक्तियाँ कविता से चुनकर लिखें।



....

....

....

गतिविधि 3

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण संरक्षण हमारा कर्तव्य है। आज प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। यह सभी जीवों के लिए खतरा है।

क) विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?

ख) 'पर्यावरण संरक्षण' विषय पर **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 4

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चिड़िया रानी चिड़िया रानी
तुम हो पेड़ों की रानी।
सुबह सबेरे उठ जाती हो
न जाने क्या गाती हो।

क) चिड़िया रानी कब उठ जाती है?

अ) सुबह आ) रात

इ) दुपहर ई) शाम

ख) समान आशय वाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

अ) पता नहीं, तुम सबेरे उठकर क्या गाती हो?

....

....

आ) चिड़िया पेड़ों की रानी है।

....

....

गतिविधि 5

सूचना : पाँच सार्थक शब्द ढूँढ़ें, लिखें।

प	रि	वा	र
कं	ज	ल	झ
गा	ख	प्र	जे
रू	प	क्षी	ब
बा	द	ल	स

क) .... ख) .... ग) .... घ) .... ङ) ....

गतिविधि 6

सूचना : 'रू रू' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> रू रू की मदद से अम्मी ने धीरे-धीरे सारे बच्चों को अपनी नरम, मुलायम जेब में रख लिया। यहाँ उन्हें कोई खतरा नहीं था। चिड़ियाँ खुशी से गाने लगीं।

क) बच्चों को कहाँ सुरक्षित रखा?

अ) अम्मी की जेब में
आ) रू रू की जेब में
इ) चिड़िया की जेब में
ई) भालू की जेब में

ख) अगले दिन चिड़िया के मित्र बच्चों से मिलने आए। दोनों की **बातचीत** की पूर्ति करें।

हाथी	:	कंगारू की जेब में सोना कैसा था?
बच्चा	:	हम आराम से सोए।
मेंढ़क	:	....
बच्चा	:	....
भालू	:	....
बच्चा	:	....

अथवा

सूचना : 'सीगड़ी मछली सूखी क्यों नहीं' लोककथा का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> सीगड़ी बोली, "बूढ़ी अम्मा, बूढ़ी अम्मा, घास बढ़ गई है। मुझे धूप ही नहीं मिली तो मैं कैसे सूखूँ? मुझसे क्यों पूछती हो? घास से पूछो।"

क) 'मुझे धूप ही नहीं मिली'- किसने कहा?

अ) बूढ़ी अम्मा   आ) घास

इ) सीगड़ी   ई) चींटी

ख) बूढ़ी अम्मा और सीगड़ी की **बातचीत** की पूर्ति करें।

बूढ़ी अम्मा : सीगड़ी, ओ सीगड़ी तुम क्यों नहीं सूखी?

सीगड़ी : मैं कैसे सूखूँ?

बूढ़ी अम्मा : ....

सीगड़ी : ....

बूढ़ी अम्मा : ....

सीगड़ी : ....